स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज लखनऊ ने 57वां इंजीनियर दिवस मनाया

16 Sep 2024

स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज लखनऊ ने 57वां इंजीनियर दिवस मनाया

भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया, जो एक महान विद्वान, शिक्षाविद और भारत के सबसे प्रसिद्ध सिविल इंजीनियर थे, की 164वीं जयंती के अवसर पर, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज लखनऊ ने 15 सितंबर 2024 को 57वां इंजीनियर दिवस मनाया। कार्यक्रम का प्रारम्भ, उनके चित्र पर माल्यार्पण और गणमान्य व्यक्तियों द्वारा उदबोधन के साथ आयोजित किया गया।

श्री शरद सिंह, सचिव व कार्यकारी अधिकारी, एसएमएस, इस अवसर पर सभी इंजीनियरिंग संकाय के शिक्षकों और कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी। डा0 आशीष भटनागर निदेहशक ने भी शिक्षकों व छात्र-छात्राओं को सर विश्वेश्वरैया जी के कार्यो से प्रेरणा लेने की बात कही।

इस महत्वपूर्ण अवसर पर, प्रोफेसर (डॉ.) भरत राज सिंह, महानिदेशक (तकनीकी), स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ ने भारतरत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के द्वारा किए गए अग्रणी कार्यों के बारे में विस्तार से सभा को संबोधित किया। उन्होंने सर एम विश्वेश्वरैया के पदचिन्हों पर चलने और राष्ट्र के उत्थान में सार्थक योगदान देने के लिए शिक्षकों व छात्र-छात्राओं भी प्रेरित किया। डा0 धर्मेन्द्र सिंह-सह निदेशक ने भारत के महान इंजीनियरों के उल्लेखनीय कार्यो को मनन करने व उनका अनुसरण करने की बात कही। इसी क्रम में, इंजीनियर विजन के पदाधिकारियों को डा0 हेमन्त कुमार-डीन इंजीनियरिंग द्वारा अच्छे कार्य के लिये प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर प्रवक्ता-छात्र कल्याण, डा. पी.के. सिह विभागाध्यक्ष; (इले.), डा० अमरजीत सिँह, यांत्रिकी, डा. कमलेश सिह, पंकज कुमार यादव, सिविल इंजीनियरिंग, डा0 आशा कुलश्रेष्ठ, सुनित मिश्रा कम्प्यूटर साइन्स एवं इंजीनियरिंग तथा श्री अमोद पाण्डेय-प्रिन्सिपल (डिप्लोमा) व शिक्षकगण व विद्यार्थियो ने प्रतिभाग किया तथा रचनात्मक विचारों, समर्पण और तकनीकी ज्ञान को प्रज्वलित करने हेतु संकल्प लिया।

प्रो. भरत राज सिंह
महानिदेशक (तकनीकी),
स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ
ईमेल: brsinghlko@yahoo.com; मोबाइल: 9415025825

---

https://ghoomtaaina.in/on-the-occasion-of-the-163rd-birth-anniversary-of-visvesvaraya-renowned-civil-engineer-of-india-school-of-management-sciences-lucknow-celebrated-the-57th-engineers-day/